# बुन्देलखण्ड सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित,सागर

# पशु आहार संयंत्र सिरौंजा, जिला सागर

# दो वर्ष हेतु (तृतीय)
# मोलासेस परिवहन दर ई–निविदा
# दिनांक
# 13.03.2019

(इकाई–पशु आहार संयंत्र सिरौंजा, सागर)

**सिरौंजा मोबाइल नं- 9827541102,9907288900**

**E- mail : cfp.sagar@gmail.com**

# बुन्देलखण्ड सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, सागर

## पशु आहार संयंत्र सिरौंजा जिला सागर

## –: निविदा प्रपत्र संबंधी जानकारी :–

| S.No. | Process Details | Date/time (Hrs.) |
|---|---|---|
| 1 | Purchase of Tender Start Date | 04/03/2019 16:00 |
| 2 | Purchase of Tender End Date | 12/03/2019 15:00 |
| 3 | Bid Submission End Date | 12/03/2019 15:00 |
| 4 | Technical Bid open date | 13/03/2019 15:00 |
| 5 | Financial Bid Open Date | 14/03/2019 15:00 |

निविदा खोलने का स्थान :– पशु आहार संयंत्र सिरौंजा, सागर (म.प्र.)

निविदा प्रपत्र की कीमत :–रूपये 2000/– (रूपये दो हजार मात्र) क्रेडिटकार्ड/डेबिटकार्ड/नेट वैंकिग द्वारा क्रय किये जावे जो वापसी योग्य नहीं।

अमानत राशि :– रूपये 25000/– (रूपये पच्चीस हजार मात्र) ऑनलाईन प्रक्रिया के माध्यम से **CATTLE FEED FACTORY SIRONJA, SAGAR** के खाते में जमा करना अनिवार्य होगा।

प्रतिभूति राशि :– रूपये 200000/–(रूपये दो लाख मात्र) अनुबंध के समय बैंक ड्राफ्ट जो **CATTLEFEED FACTORY SIRONJA SAGAR** के पक्ष में देय हो संलग्न करना अनिवार्य है।

प्रभारी महाप्रबंधक
पशु आहार संयंत्र सागर

# बुन्देलखण्ड सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित सिरौंजा, सागर (म.प्र.)
## पशु आहार संयंत्र सिरौंजा जिला सागर
## : मोलासेस परिवहन निविदा शर्त :

1. मोलासेस परिवहन निविदा की दरें ई–निविदा के माध्यम से आनलाईन स्वीकार होगी।

2. परिवहनकर्ता को परिवहन की सभी शर्तें मान्य होगी।

3. परिवहन दर अनुमोदन के पष्चात तुरन्त प्रभावषील मानी जावेगी। महाप्रबंधक आवष्यकतानुसार मोलासिस की मात्रा को घटाने या बढ़ाने हेतु पूर्णतः अधिकृत है।

4. परिवहनकर्ता को शक्कर कारखाने से प्राप्त एक्साईज गेट पास एंव अन्य संबंधित कागजात अनलोडिंग के पूर्व कार्यालय में जमा करना होगा।

5. यह निविदा दो वर्ष की अवधि के लिये आमंत्रित की जा रही है। कार्य संतोषप्रद होने पर आपसी सहमति से एक–एक करके दो वर्ष के लिये कार्य अवधि ओर बढ़ाई जा सकेगी।

6. परिवहनकर्ता द्वारा टेंकर में शक्कर कारखाने से जितनी मात्रा एंव गुणवत्ता का शीरा प्राप्त किया जावेगा उतनी ही मात्रा एंव गुणवत्ता का शीरा पषु आहार संयंत्र–सिरौंजा जिला सागर में सुपुर्द करना होगा। शीरा ''ए'' ग्रेड की मात्रा एंव गुणवत्ता में कमी होने पर वसूली परिवहनकर्ता से की जावेगी।

7. परिवहनकर्ता को परिवहन करने के पष्चात परिवहन का बिल भुगतान हेतु कार्यालय में माल प्राप्ति की रसीद के साथ प्रस्तुत करना होगा।

8. आदेषित मात्रा परिवहन के दौरान 4 बराबर भागो के परिवहन उपरांत उक्त मात्रा के परिवहन व्यय का भुगतान किया जावेगा।

9. इनकम टेक्स, जी.एस.टी. व अन्य टेक्स की वसूली एंव सरकार द्वारा उस समय अन्य कोई टेक्स लगाने पर परिवहनकर्ता के देयक से कटौती की जावेगी।

10. परिवहनकर्ता द्वारा शीरा ''ए'' ग्रेड की आवंटित पूर्ण मात्रा समयावधि में यदि परिवहन नहीं की जाती है तो संस्था द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था करने पर अधिक लगने वाली राषि की वसूली परिवहनकर्ता से की जावेगी तथा अमानत राषि जप्त कर ली जावेगी।

11. परिवहनकर्ता द्वारा दर अनुमोदन के पष्चात टेंकर शक्कर कारखाने में शीरा परिवहन हेतु नहीं भेजे जाते हैं, तो पशु आहार संयंत्र–सिरौंजा जिला सागर द्वारा अनुबंध निरस्त कर अमानत राषि जप्त की जावेगी तथा अन्य परिवहनकर्ता से कार्य कराया जावेगा।

12. परिवहनकर्ता को ट्रांजिट बीमा पशु आहार संयंत्र–सिरौंजा जिला सागर के पक्ष में करवाना होगा। जिसके प्रीमियम का भुगतान परिवहनकर्ता द्वारा किया जावेगा।

13. निविदा प्रपत्र में वांछित जानकारी स्पष्ट रूप से अंकित की जावे।

14. प्रभारी महाप्रबंधक पशु आहार संयंत्र–सिरौंजा जिला सागर परिवहन कार्य निर्धारित शर्तों के अनुसार परिवहनकर्ता से कराने हेतु अधिकृत है।

15. अगर परिवहनकर्ता के वाहन में किसी कारणवष खराबी आ जाती है उसकी सूचना तत्काल कार्यालय के कर्मचारियों/अधिकारियों को देना होगा। परिवहनकर्ता के वाहन में खराबी का कारण वाहन का स्थान जहॉ वो खड़ा है, एवं कितने समय में वाहन पशु आहार संयंत्र तक पहुच जावेगा इसकी जानकारी कार्यालय में देना होगी।

16. **परिवहनकर्ता के पास कम से कम एक टेंकर वाहन स्वयं का या अनुबंधित होना अनिवार्य है, परिवहनकर्ता के वाहन का आर0टी0ओ0 से सम्बंधित पंजीयन, बीमा, फिटनेस परमिट आदि लोडिंग दिनांक तक वैध होना आवष्यक है। निविदाकर्ता उक्त दस्तावेज बन्द लिफाफे में निविदा दिनांक को समिति सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत करें।**

17. परिवहनकर्ता द्वारा जिस वाहन से माल परिवहन किया जा रहा उसके अन्दर का हिस्सा अच्छी हालत में होना चाहिये।

18. परिवहन के दौरान मार्ग में किसी भी प्रकार के नुकसान, कमी आदि के फलस्वरूप हुई क्षति के लिए ठेकेदार उत्तरदायी माना जावेगा तथा क्षतिपूर्ति की राशि उनके परिवहन देयक से वसूल की जावेगी।

19. अनुबंध पत्र (इकरार नामा) निष्पादित करने के पूर्व संविदाकार (ठेकेदार) को सुरक्षा निधि (सिक्यूरिटी डिपॉजिट) रूपये **200000/– (रूपये दो लाख मात्र)** का डीडी **CATTLE FEED FACTORY SIRONJA SAGAR** के नाम सें जमा करना आवश्यक होगा। जिन परिवहनकर्ताओं द्वारा सुदाना पषु आहार परिवहन हेतु सुरक्षा निधि संयंत्र में जमा है। उन्हें पुनः सुरक्षा निधि जमा करने की आवष्यकता नहीं होगी।

20. निविदा के साथ अर्नेस्ट मनी के रूप में रूपये **25000/– (रूपये पच्चीस हजार मात्र)** **CATTLE FEED FACTORY SIRONJA SAGAR** के खाते में ऑनलाईन प्रक्रिया के माध्यम से जमा करना अनिवार्य होगा। बिना अर्नेस्ट मनी के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

21. निविदा अस्वीकृत होने पर अर्नेस्ट मनी की वापसी का आवेदन जमा रसीद की मूलप्रति के साथ प्राप्त होने पर 30 दिनों पश्चात वापस की जा सकेगी जिस पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।

22. डिटेंषन चार्जेस का भुगतान किसी भी परिस्थिति में परिवहनकर्ता को नहीं किया जावेगा।

23. अनुबंध अवधि में यदि डीजल की दरों में कमी या वृद्धि होती है, तो दर वृद्धि या कमी की गणना 9 मै.टन भार के अनुसार की जावेगी।

| क्रमांक | वाहन का प्रकार | औसत प्रति लीटर |
|---|---|---|
| **01** | **टेंकर,** | **04** |

इस प्रकार औसत प्रति कि.मी. पर डीजल पर वृद्धि/कमी से राशि की गणना तदानुसार वाहन की दर में वृद्धि/कमी दिनांक से प्रति कि.मी. कमी/वृद्धि की जावेगी। डीजल के अतिरिक्त स्पेयर्स पार्टस, आईल तथा टायर ट्यूब आदि की दरों में वृद्धि होने पर अनुबंधित दरों में वृद्धि नहीं की जावेगी।

24. निविदा को मान्य या अमान्य करने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, बुन्देलखण्ड सहकारी दुग्ध संघ मर्या. सिरौंजा, सागर को है।

25. दर अनुमोदन के पश्चात् रु0 1000 के नान ज्यूडीशियल स्टाम पेपर पर परिवहन के पूर्व अनुबंध सम्पादित करना होगा।

26. किसी भी विवाद की स्थिति में अध्यक्ष बुन्देलखण्ड सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित सिरौंजा, सागर के समक्ष प्रकरण रखा जावेगा जिनका निर्णय दोनों पक्षों को मान्य होगा। The arbitration proceedings shall be under and accordance with the provision of Arbitration and Conciliations Act 1996.

हस्ताक्षर
परिवहनकर्ता

नाम : ..............................................

पता : ..............................................

मोबाईल नम्बर : ...........................

----

# बुन्देलखण्ड सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित सिरौंजा, सागर

## :: इकाई:: पशु आहार संयंत्र–सिरौंजा जिला सागर

( केवल ऑनलाइन प्रस्तुत करें)

| क्र. | स्थान | दर (रूपये प्रति मैट्रिक टन) | |
|---|---|---|---|
| | | अंको में | शब्दों में |
| 1 | मेसर्स नवलसिंह सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित नवलनगर बुरहानपुर से पशु आहार संयंत्र–सिरौंजा जिला सागर हेतु मोलासेस परिवहन दर | | |
| 2 | मेसर्स सहकारी शक्कर कारखाना राधोगढ़ गुना से पशु आहार संयंत्र–सिरौंजा जिला सागर हेतु मोलासेस परिवहन दर | | |
| 3 | मेसर्स जवाहर लाल नेहरू सहकारी एग्रीकल्चरल प्रोडयूस सोसाइटी लिमिटेड शक्कर कारखाना यूनिट सरवरदेवला तहसील कसरावन जिला खरगोन से पशु आहार संयंत्र–सिरौंजा जिला सागर हेतु मोलासेस परिवहन दर | | |